पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 18 दिसंबर 2024

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने खेल एवं युवा मंत्रालय को सौंपा ज्ञापन, खेल क्षेत्र में आवश्यक सुधार हेतु दिए सुझाव

फिट इंडिया मूवमेंट का व्यापक स्तर पर परिचलन आवश्यक एवं नेहरू युवा केंद्र में नियुक्ति एवं प्रबंधन संबंधी अनियमितता को दूर करने हेतु हो सार्थक प्रयास : अभाविप

देश के युवाओं के समग्र विकास हेतु खेल क्षेत्र में सुधार आवश्यक : अभाविप

खेल क्षेत्र में आवश्यक बुनियादी सुधारों को लेकर अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने खेल एवं युवा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को खेल क्षेत्र में आवश्यक सुधार एवं सुझाव को लेकर केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने यह ज्ञापन देश भर के खेल के छात्र एवं छात्राओं के साथ चर्चा, संवाद एवं खेल केंद्रों का जायजा लेकर तैयार किया था एवं इसमें सुधार लाने हेतु आवश्यक माँग एवं उसके प्रक्रिया पर भी सार्थक चर्चा की थी।

अभाविप अपने स्थापना काल से ही छात्रों के समग्र विकास हेतु प्रतिबद्ध रही है। अभाविप का मानना है कि किसी भी छात्र का समग्र विकास तभी हो सकता है जब उसे हर समाज के हर क्षेत्र में समान रूप से भाग लेने का अवसर मिल सके। लेकिन वर्तमान समय में हमारा खेल क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है जिस कारण खेल छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है। अभाविप ने इस विषय पर ध्यान देते हुए इसके समाधान के उद्देश्य से देश के खेल मंत्री को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया और समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की।

अभाविप ने अपने ज्ञापन में फिट इंडिया मूवमेंट को व्यापक स्तर पर चलाने एवं इसे ग्राम स्तर तक ले जाने हेतु देश के जनपद में इसके केंद्र की स्थापना करने, देश के शिक्षण संस्थानों में खेल अधिसंरचना एवं प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक उपकरणों के प्रबंधन को ठीक करने, देश के सभी 5 खेल विश्वविद्यालयों में खिलाड़ियों के उच्च प्रदर्शन हेतु उनके प्रशिक्षण एवं वहां की नियुक्तियां समय- समय पर करने, खेल एवं शारीरिक शिक्षा विषय को बारहवीं तक अनिवार्य विषय बनाने, सभी नियुक्तियों में खेल कोटा को अनिवार्य करने, खेल फेडरेशन के सुचारू संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित हो, भारत के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने हेतु सरकार को सार्थक प्रयास करने, राज्य स्तर पर खेलों की मैपिंग, नेहरू युवा के केंद्र में नियुक्तियों तथा नियमित मॉनिटरिंग में आई अनियमितता के निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाने, नेहरू युवा केंद्र की विशेषज्ञता में वृद्धि हेतु इसे अन्य सरकारी एजेंसियों व सामाजिक संगठनों के साथ जोड़ने, युवाओं में बढ़ते मानसिक तनाव को कम करने हेतु एक तनावमुक्त स्वस्थ वातावरण बनाने हेतु सरकार द्वारा प्रयास करने तथा भारतीय खेल संघ के अंदर शारीरिक शिक्षा को जोड़कर खेल क्षेत्र के वरिष्ठ जनों को सम्मिलित करने जैसी मांगों को सम्मिलित किया।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री श्री डॉ वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि, आज अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने देश के खेल एवं युवा मंत्री मनसुख मांडविया जी से देश के युवा को एक तनावमुक्त एवं नशामुक्त वातावरण देने के उद्देश्य से आयोजन, अभियान एवं फीट इंडिया मूवमेंट के तहत गतिविधियों को सुचारू रूप से चालू करने एवं साथ ही नेहरू युवा केंद्र को एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करने एवं नियमित रूप से क्रियान्वयन करने के उद्देश्य से अन्य सरकारी संगठनों से जोड़ने एवं खेल केंद्रों के नियमित करने की मांग को रखा। हमें पूरा विश्वास है कि खेल मंत्रालय हमारी मांगों पर विचार करेगा एवं समस्याओं का समाधान भी करेगा ताकी खेल क्षेत्र के छात्र अपना पर्याप्त विकास कर सकेंगे।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री सौरभ पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)